## संक्षिप्त

### महोत्सव 9 को

**श्रीमाधोपुर।** कस्बा अजीतगढ़ में रविवार दोपहर 12.30 से शाम 4 बजे तक हरे कृष्ण केंद्र गोविंदगढ़ के तत्वावधान में श्री जगन्नाथ पालकी यात्रा महोत्सव का आयोजन होगा। आयोजन समिति के दिनेश शर्मा ने बताया कि आध्यात्मिक चेतना जागृति के उद्देश्यार्थ श्री जगन्नाथ पालकी यात्रा कौशल्या दास जी के मंदिर से सीनियर स्कूल अजीतगढ़ के सामने से होते हुए सेडमाता मंदिर, श्याम मंदिर, ढाब मार्केट, सेन्ट्रल बैंक, सहकारी समिति, नगर पालिका, मोदी मीनार, दीवान होटल, जीण माता मंदिर, इच्छापूर्ण बडवाला बालाजी धाम, संध्या गोविंद रत्न प्लाजा, मुख्य चौपड़ बाजार होते हुए श्री नृसिंह बिहारी मंदिर प्रांगण में पहुंचेगी।विप्र सेना के कार्यकारी जिलाध्यक्ष दिनेश गोविंद शर्मा ने सनातन धर्म और संस्कृति की वर्तमान पीढ़ी तक मजबूती से प्रसारित प्रचारित करने वाला आयोजन बताते हुए श्रद्धालुओ का अव्हान किया।

### ऑनलाइन प्रवेश आवेदन की अन्तिम तिथि आज

**निवाई।** राजकीय महाविद्यालय में विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने की अन्तिम तिथि 8 फरवरी है। प्राचार्य प्रो. दीपकराज जैन ने बताया कि महाविद्यालय में अध्ययनरत बीए पार्ट द्वितीय की सभी नियमित छात्राएं 8 फरवरी तक बिना विलंब शुल्क ऑनलाइन आवेदन पत्र भरकर हार्ड कॉपी मय दस्तावेज महाविद्यालय में 10 फरवरी तक जमा करा सकते है।

जांगिड समाज का भामाशाह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कल

निवाई। भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर पर रविवार को अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण तहसील महासभा, विकास समिति एवं सम्मेलन समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले भामाशाह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोज जांगिड़ भावता व प्रवक्ता मनिष बहकवा ने बताया कि भामाशाह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज की प्रतिभाएं व भामाशाहों को सम्मानित किया जाएगा।

### साधारण सभा की बैठक आज

**मनोहरपुर ।** नगर पालिका क्षेत्र के निवासियों के लिए यह एक राहत भरी खबर है कि आज नगर पालिका में साधारण सभा की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में नगर पालिका के विभिन्न मुद्दों और विकास कार्यों पर चर्चा की जाएगी, जिसमें नगर पालिका के अधिकारी और पार्षद शामिल होंगे। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएेगी। जैसे कि नगर पालिका का बजट,विकास कार्यों, और स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान पालिका अध्यक्ष सुनीता प्रजापत व अधिशाषी अधिकारी हरिनारायण यादव ने कहा कि यह बैठक नगर पालिका के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है।

### अतिक्रमण हटवाया

**निवाई।** ग्राम पंचायत रजवास में गिरधारीपुरा सडक पर हो रहे अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से हटवाया गया व सफाई कार्य करवाए गए। इस अवसर पर सरपंच कानाराम जाट, ग्राम विकास अधिकारी विनोदकुमार परिडवाल, नंदकिशोर बैरवा, सूरज गुर्जर, रमेश गुर्जर, हरिराम प्रजापत, राजेंद्र ताखर व पन्नालाल बैरवा सहित समस्त ग्राम वासियों ने मिलकर साफ-सफाई कार्य करने का बीड़ा उठाया है।

### एससी एसटी एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**बौंली-बामनवास।** जिला सवाई माधोपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे हैं वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत सूरवाल थाना प्रभारी जयप्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम ने एससी एसटी एक्ट के तहत वांछित चल रहे आरोपी राजेश शर्मा उर्फ बंटी शर्मा निवासी भगवतगढ़ को भगवतगढ़ से डिनेट कर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी राजेश उर्फ बंटी शर्मा को न्यायालय में पेश किया गया जहां न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

### 'शिक्षा के संस्कार भी जरूरी'

**निवाई।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय झिलाय में डॉक्टर पीसी जैन सेट कर्पूर चंद मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति का विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा की गई। डॉक्टर पीसी जैन ने कहा कि सरस्वती की मूर्ति की स्थापना से बालकों को शिक्षा के साथ-साथ आस्था व संस्कार भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि अधुनिक युग में बालक आस्था व संस्कार से दूर जा रहे हैं।

# मोदी का संदेश है, युवा खेलेगा तो देश बढ़ेगा : केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे



मंत्री रक्षा खडसे ने प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में शिरकत कर विजेता टीम के खिलाडियों को पुरस्कार वितरण किया।

- अलवर सांसद खेल उत्सव के तहत आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

**अलवर।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने अलवर में अलवर सांसद खेल उत्सव के तहत आयोजित पुरूष और महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में शिरकत कर विजेता टीम के खिलाडियों को पुरस्कार वितरण किया।

इस अवसर पर केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री खडसे ने अपने संबोधन में कहा कि टेक्नोलॉजी के इस युग में खेल फिटनेस व टीम भावना उत्पन्न करने के साथ-साथ मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है। खेल हमारी संस्कृति के अभिन्न अंग रहे हैं। इसी संस्कृति को आगे बढाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा खेलो इंडिया जैसी योजनाएं देशभर में चलाई हैं और उनका संदेश है कि बच्चे खेलेंगे तो देश बढेगा। भूपेंद्र यादव की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सभी सांसदों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में खेल महोत्सवों का आयोजन करें। जबकि भूपेन्द्र यादव ने इससे पहले ही अपने संसदीय क्षेत्र में अलवर सांसद खेल उत्सव प्रारम्भ कर एक नजीर पेश की है। उन्होंने कहा कि अलवर के खिलाडियों को खेलों में आगे बढने का यह बेहतरीन प्लेटफार्म मिला है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में हर आयुवर्ग की बेटियों की प्रतिभागिता देखकर सुखद एहसास हुआ है।

खिलाडियों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बेहतरीन अवसर प्रदान करने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। देशभर में खेलों का माहौल तैयार करना इसी कडी का अंग है।

उन्होंने पुरूष क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता टीम मुण्डावर को एक लाख 51 हजार रूपये का चेक भेंट किया। इसी प्रकार महिला क्रिकेट प्रतियोगिता विजेता टीम किशनगढबास को 75 हजार रूपये तथा उप विजेता टीम अलवर शहर को 50 हजार रूपये का चेक भेंट किया। उन्होंने विजेता खिलाडियों का मेडल पहनाकर सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि अलवर सांसद खेल उत्सव के तहत आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में अलवर संसदीय क्षेत्र की 340 से अधिक टीमों ने भाग लिया जिसमें से 40 टीमें बेटियों की रही।

इस दौरान जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता व महासिंह चौधरी, प्रधान वीरमती देवी, दौलतराम, प्रज्ञा यादव, रमन गुलाटी, संजय नरूका, बन्नाराम मीणा, इन्द्र यादव, सतीश यादव, डॉ. अंजलि यादव, संदीप दायमा, गोरधन सिंह सिसोदिया, अरूण जैन, महेश निहालवानी, सुरेश मेहता, पवन जैन, देशराज खरेरा, हरिओम कटारा, प्रेम पटेल, ऋषिराज शर्मा, जितेन्द्र सैनी, सीमा मीणा सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति मौजूद रहे।

### अनिल शरण होंगे आमटे स्मृति सम्मान से सम्मानित

**कोटपूतली।** बिगड़ते पर्यावरणीय हालातों और बढ़ते खतरों को मध्यनजर रखते हुये एलपीएस विकास संस्थान, भोपाला द्वारा 13 फरवरी को राज्य स्तरीय पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। जिसमें पर्यावरण के प्रति जागरूक व्यक्ति, संगठन, विद्यालयों को पद्मश्री राजा लक्ष्मण सिंह, पद्मश्री डॉ. माया टंडन, पर्यावरण रत्न ज्ञानेंद्र रावत, प्रदेशाध्यक्ष अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद केसी घुमरिया, पूर्व आईएएस सांवरमल झीरवाल, संस्थान के पर्यावरणविद् रामभरोस मीणा द्वारा सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में सामाजिक सरोकारों के साथ पर्यावरण के प्रति आमजन को जागरूक करके पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर पत्रकार अनिल शरण बंसल को प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता बाबा आमटे स्मृति सम्मान से एलपीएस विकास संस्थान द्वारा नवाजा जायेगा।

# जिला स्तरीय स्वास्थ्यकर्मियों का सुमन योजना प्रशिक्षण संपन्न



स्वास्थ्य कर्मियों को सुमन योजना प्रशिक्षण प्रधान करते चिकित्सक।

**कोटपूतली।** जिला कोटपूतली-बहरोड़ में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का शुभारम्भ सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, आरसीएचओ डॉ. अरविंद अग्रवाल, डीएनओ रविकांत जांगिड़ द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सीएमएचओ डॉ. शेखावत ने बताया की सुमन योजना या सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना मातृत्व लाभ की पहल है। यह कार्यक्रम गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करता है। क्षेत्र में सभी गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण एवं सभी बच्चों का समय पर टीकाकरण बहुत जरूरी है, जिससे कि गर्भवती महिला की समय पर स्वास्थ्य संबंधी देखभाल की जा सके। प्रशिक्षण में उपस्थित सभी महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, रिपोर्टिंग कर्मचारियों को सीएमएचओ द्वारा समय पर समस्त विभागीय योजनाओं की सफलतापूर्वक मॉनिटरिंग करने एवं आवश्यक प्रगति में सुधार करने के निर्देश दिये गये। आरसीएचओ डॉ. अग्रवाल द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण करने एवं टीकाकरण की प्रगति में सुधार करने के बारे में जानकारी दी गई तथा पंजीकरण एवं प्रसव के समय संस्था पर साफ सफाई का विशेष ध्यान देने की बात कही। डीएनओ रविकांत जांगिड़ द्वारा ऑनलाईन प्रेजेन्टेशन के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग की सभी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

उन्होंने पीसीटीएस सॉफ्टवेयर पर की जाने वाली गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण, परिवार नियोजन के साधन एवं संस्था पर की जाने वाली लैब जांच की समय पर एंट्री करने व उसकी ट्रैकिंग करने के निर्देश दिये। प्रशिक्षण में उपस्थित प्रतिभागियों को गर्भवती महिलाओं की माँ वाउचर योजना के अंतर्गत निरूशुल्क सोनोग्राफी हेतु वाउचर काटने के निर्देश दिये गये। प्रशिक्षण में विभाग द्वारा लाडो प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लडकी के जन्म पर दी जाने वाली एक लाख रुपये की राशि के सभी केसों का समय पर वेरिफिकेशन कर भुगतान करने के बारे में जानकारी दी गई।

# देवनारायण महायज्ञ का पूर्णाहुति के साथ समापन



तीन दिवसीय महायज्ञ का पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ ।

- महायज्ञ के आचार्य पण्डित नवीन कुमार उपाध्याय ने वैदिक मन्त्रोच्चारण से विधिवत पूजन अर्चन करवाकर यजमानों से पूर्णाहुति करवाई।

**मनोहरपुर ।** शाहपुरा कस्बे के समीप बड़ोदिया गांव में वीर तेजाजी स्थान पर श्री देवनारायण महायज्ञ का कुंडा धाम के सन्त महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री प्रहलाद दास महाराज के सानिध्य में आयोजित तीन दिवसीय श्री देवनारायण महायज्ञ का पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ ।

महायज्ञ के आचार्य पण्डित नवीन कुमार उपाध्याय ने वैदिक मन्त्रोच्चारण से विधिवत पूजन अर्चन करवाकर यजमानों से पूर्णाहुति करवाई। यज्ञ ब्रह्मा कन्हैया लाल शर्मा ने बताया कि महायज्ञ में आवाहित देवताओं की,पुरुषसूक्त, रूद्रसूक्त, की आहुति के साथ सवा ग्यारह बजे पूर्णाहुति सम्पन्न हुई। सामवेदी वैदिक पण्डित रितिक शर्मा,पण्डित कमलेश जोशी जयचन्दपुरा ने बताया की महायज्ञ में बड़ी संख्या में महिला पुरुषों ने यज्ञ मण्डप की परिक्रमा करते हुए मंगल कामना की।

पण्डित ताराचंद शर्मा गठवाड़ी ने बताया कि महायज्ञ कार्यक्रम में 51 यजमानों ने भाग लिया। और 30 विद्वानों ने यजमानों से विधिपूर्वक कार्य करवाया।

इस दौरान सरदार, हरि,शंकर, ने बताया कि पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तो ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। मुरलीधर,नाथूलाल ने बताया कि पूर्णाहुति के बाद मासी कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें प्रसिद्ध कलाकार जयराम ठेकला प्रस्तुति ने तेजाजी महाराज देवनारायण भगवान के भजन सुनाकर सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जगदीश,सुल्तान ने बताया यह महायज्ञ प्रतिवर्ष आयोजित होता है।

### विद्यालय के साथ साझेदारी कार्यक्रम के तहत किया भ्रमण

- साझेदारी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एक पीएम श्री से दूसरे पीएम श्री विद्यालय में होने वाली गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करना

**श्रीमाधोपुर।** पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वारा पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यालय के साथ साझेदारी के अंतर्गत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय इंद्रपुरा झुंझुनु में प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर व पीएम श्री प्रभारी विनोद कुमार यादव के नेतृत्व में करवाया गया भ्रमण दल में कुल 13 बालक बालिकाएं व 9 विद्यालय के कार्मिक शामिल हुए ।

भ्रमण दल प्रातः 9 बजे विद्यालय से रवाना होकर उदयपुरवाटी पहुंचा जहाँ पहले भ्रमण दल के सभी सदस्यों को अल्पहार करवाया इसके बाद 11 बजे भ्रमण दल पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय इन्दपुरा पहुंचा जहां पर केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य मनवीर सिंह मीणा द्वारा भ्रमण दल का स्वागत किया गया और प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय की शैक्षिणक व भौतिक संसाधनों , सभी प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय ,संसाधन कक्षा कक्ष, बाल वाटिका, पोषण वाटिका, संगीत कक्षा, और प्राथमिक कक्षाओं में होने वाले नवाचारों की जानकारी दी गई। मीणा ने विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया से लेकर के विद्यालय विकास की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई ।

भ्रमण दल वहां से दोपहर 1:30 बजे रवाना होकर उदयपुरवाटी में भोजन करवाया । प्रधानाचार्य राजेश अंकुर ने बताया कि विद्यालय के साथ साझेदारी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एक पीएम श्री से दूसरे पीएम श्री विद्यालय में होने वाली गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करना तथा उन विद्यालयों से नवाचार तथा अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करना ताकि अपने विद्यालय में उन गतिविधियों को और भी अच्छी तरह से संचालित किया जा सके।

इस भ्रमण दल में मीरा खर्रा व्याख्याता, हंस देवी व्याख्याता , बजरंग सिंह बिजानिया अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, जोगेंद्र प्रसाद वर्मा वरिष्ठ पुस्तकालय अध्यक्ष , शिशुपाल सिंह अध्यापक, भूपेंद्रयोगी प्रयोगशाला सहायक जैसिका कुमावत कंप्यूटर अनुदेशक सहित13 बच्चे इस कार्यक्रम में भ्रमण में साथ रहे हैं।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने 11 सूत्री ज्ञापन सौंपा



एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर मुख्य सचिव राजस्थान सरकार के नाम जिला कलेक्ट्रेट टोंक के माध्यम से ज्ञापन दिया।

- राज्य कर्मचारियों के 53 हजार करोड़ रुपये जीपीएफ खाते में जमा करने की मांग

**टोंक।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ द्वारा प्रदेश व्यापी आह्वान पर जिला कलेक्ट्रेट टोंक पर जिलाध्यक्ष जसवंत सिंह नरूका एवं जिला मंत्री चोथमल चंदेल, प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रहलाद जाट के नेतृत्व में 11 सूत्री मांग पत्र के पक्ष में तथा खेमराज कमेटी के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर मुख्य सचिव राजस्थान सरकार के नाम जिला कलेक्ट्रेट टोंक के माध्यम से ज्ञापन दिया गया।

महासंघ जिला महामंत्री चोथमल चंदेल ने कहा कि सरकार कर्मचारियो की विरोधी नीति एवं नियत पर प्रकाश डालते हुए महासंघ के 11 सूत्री मांग पत्र का पूरजोर समर्थन करते हुए पीएफआरडीए अधिनियम को निरस्त करते हुए राज्य कर्मचारियों के 53 हजार करोड़ रुपये जीपीएफ खाते में जमा किये जाये।

राजस्थान में परिभाषित पुराने पेंशन योजना यथावत रखी जावे, पंचायती राज, सहकारी संस्थाओं, बोर्ड निगम, स्वायत शासी संस्थाओं में कार्यरत कार्मिकों के लिए समान काम, समान वेतन, की नीति लागू कर वेतन विसंगतीयों का निराकरण किया जावे।

न्यूनतम वेतन 26000/- किया जावे, जनवरी 2020 से जून 2021 तक के मंहगाई भत्ते का एरियर 10 प्रतिशत ग्रामीण भत्ता दिया जावे और महासंघ से सम्बद्ध विभिन्न समवर्गो की वेतन विसंगतीयों सहित विभिन्न समस्याओं पर प्रदेश स्तरीय द्विपक्षीय वार्ता कर शीघ्र निस्तारण किया जावे। महासंघ के सभी अग्रिम संगठनों के सदस्यों द्वारा खेमराज समिति रिपोर्ट की कलेक्ट्रेट के सामने होली जलाई।

धरना प्रदर्शन में विभिन्न संगठनों के जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह राणावत, सुरेश चौधरी, शिवपाल सिंह, रामप्रसाद धाकड़, धनराज, हरिराम चौधरी, महासंघ कोषाध्यक्ष राजाराम जाट, ज्ञानसिंह सांसी, सत्यनारायण, तुलसीराम मीणा, हंसराज चौधरी, भंवर लाल सैनी, हामिद अली, उषा राजोरा, आसिफ अली, निर्मला बैरवा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा डेमोक्रेटिक के प्रदेश संयोजक प्रो.रमेश बैरवा ने मुख्यमंत्री को पांच सूत्रीय ज्ञापन भेजकर राजसेस महाविद्यालयों की दुर्दशा सुधारने,बिना भेदभाव के सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने तथा कॉलेजों के सफल संचालन के लिए पर्याप्त बजट,स्थाई प्राचार्य, शिक्षक और गैर शैक्षिणक कर्मचारी लगाने की मांग की है।

राजसेस महाविद्यालयों के सफल संचालन के लिए राजसेस समिति का गठन कर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पर्याप्त बजट का आवंटन किया जाए। समस्त राजसेस महाविद्यालयों में स्थाई प्राचार्य या नोडल अधिकारी लगाकर इन्हें आहरण एवं वितरण अधिकारी की शक्तियां प्रदान की जाए। विद्या संबल योजना के तहत लगाए जाने वाले सहायक आचार्य पूरे सत्र के लिए लगाए जाए,ताकि यूजीसी मानकों के अनुसार पाठ्यक्रम पूर्ण हो सके। इन्हें यूजीसी मानकों के मुताबिक निश्चित मासिक वेतन दिया जाए।

## सार-समाचार

### स्टूडेंट पुलिस कैडेट ने देखी पुलिस थाना और कोर्ट की गतिविधियां




**देवली ।** देवली उपखंड क्षेत्र के दूनी तहसील मुख्यालय स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को स्टूडेंट पुलिस कैडेट दल ने प्रधानाचार्य भंवर लाल कुमार के सानिध्य में पुलिस थाना दूनी और कोर्ट का भ्रमण करते हुए गतिविधियों का अवलोकन किया । स्टूडेंट पुलिस कैडेट प्रभारी त्रिलोकचंद कलाल ने बताया कि पुलिस थाने में सहायक उप निरीक्षक शंकर लाल ने छात्रों को थाने की गतिविधियो से अवगत कराया। उन्होंने थाना अधिकारी कार्यालय,रपट कार्यालय, स्वागत कक्ष,रोजनामचा रजिस्टर, मलखाना,शस्त्रागार आदि का निरीक्षण करवाते हुए सुरक्षा से जुड़ी कई जानकारियां दी। साथ ही पुलिस भर्ती प्रक्रिया, पुलिस वर्दी, पुलिस ड्यूटी, आदि के बारे में विस्तार से समझाया। इसके पश्चात कैडेट्स ने दूं सिविल न्यायालय का भ्रमण कर वहां की गतिविधियां तथा न्यायिक प्रक्रियाओ के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य लादू लाल मीणा, प्राध्यापक लादू लाल मीणा, महावीर बडगूजर,हेमराज बलाई,मनीषा जैन आदि उपस्थित रहे।

### गंदगी के ढेर से लोग परेशान

**पावटा।** कस्बा पावटा क्षेत्र के प्राचीन गोपाल भैया मंदिर के पीछे कचरे और मृत पशुओं के ढेर लग गए है। बदबू की वजह लोगों को काफी परेशानी हो रही है। रास्ते से निकलना मुश्किल हो गया है। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका द्वारा पालिका क्षेत्र से उठाये जा रहे कचरे को प्राचीन गोपाल भैया मंदिर के पीछे खुले में फैंका जा रहा है। इसी कचरे के स्थान पर शहर के मृत पशुओं को भी खुले डाले जाने के कारण कचरा स्थल पर रात दिन आवारा पशुओं का जमघट रहता है तथा मृत पशुओं को खाने के लिए मांसाहारी पक्षियों का भी डेरा रहता है। नदी में खुले में कचरा, गंदगी ओर मृत पशुओं को डाले जाने से बदबू चारों ओर फैल रही है। जिससे आस पास रहने वाले लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पडा रहा है। नागरिकों ने इस खुले स्थान के बजाय कचरा संग्रहण के लिए अन्यंत्रण सुरक्षित जगह करने की मांग की है। इस कचरा संग्रहण केन्द्र पर आज सेंकडों टन कचरा पडा है। तथा मृत पशु होने से बदबू आ रही है। स्थानीय निवासियों व गौ सेवकों ने बताया कि एसडीएम और पालिका में समस्या के बारे में कई बार अवगत करवा दिया। इसके बाद भी अभी तक कोई समस्या का समाधान नहीं किया गया।

### रमाबाई अंबेडकर की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**सांभरझील।** यहां डॉ.भीमराव अंबेडकर चेतना समिति सांभर के तत्वाधान में शुक्रवार को अंबेडकर भवन में भारत रत्न बाबासाहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की धर्मपत्नी रमाबाई अंबेडकर की 127 वीं जयंती मनाई गई। मौजूद सभी सदस्यों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। समिति के अध्यक्ष विनोद दुलारिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम माता रमाबाई एवं बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अतिथियों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। मुख्य संरक्षक प्रोफेसर डॉ. ज्ञान प्रकाश दायमा द्वारा माता रमाबाई के त्याग एवं बलिदान के गौरवशाली इतिहास के बारे में अवगत करवाया। दुलारिया ने माता रमाबाई की जीवनी पर प्रकाश डाला तथा बताया कि हुए उनके द्वारा विकट परिस्थितियों में भी धैर्य पूर्वक संकटों का सामना करते हुए संपूर्ण जीवन को मानव सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। सभी ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की ऐतिहासिक स्मृतियों को याद किया एवं उनके सिद्धांतों एवं आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इसमौके पर महासचिव नाथूलाल बेरवाल, संरक्षक प्रताप चंद बासीवाल, जगदीश प्रसाद सांभरिया, हेमराज मीणा, परशुराम मीणा, काशीराम नायक, सुरेंद्र सिंह मीणा, रवि शंकर सांभरिया, कुशाल सकरवाल, अरविंद कुमार मेहरड़ा, दीनदयाल सबलानिया, डिंपल बंसीवाल, पूनम उज्जैनिया, सावित्री उज्जैनिया सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### आरोपी की जमानत खारिज

**बौंली-बामनवास।** सवाई माधोपुर जिला परिवार व पोक्सो न्यायालय की विशेष न्यायाधीश समीक्षा जैन ने एक नाबालिग पीड़िता के साथ घर में घुसकर, धमकाकर जबरन दुष्कर्म करने के आरोपी मोहम्मद शारिक खान निवासी बेरखंडी पुलिस थाना बाटोदा का मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। पीड़िता व राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने न्यायालय को अवगत कराया कि जिले के थाने में पीड़िता के पिता ने मामला दर्ज कर बताया था कि 19 जुलाई 2024 को प्रार्थी किसी कार्य से बाहर गया हुआ था इस दौरान घर पर मेरी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री एवं एक पुत्र मौजूद था इसी दौरान करीब 2 बजे आरोपी शारिक एक अन्यके साथ मेरे घर पहुंचा जिसने कैफ खान को घर के बाहर खड़ा कर दिया एवं आरोपी शारिक ने मेरी नाबालिग पुत्री को गंदी तस्वीर दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर जबरन गलत काम करने लगा एवं जबरन दुष्कर्म कर डाला मेरी पुत्री काफी चिल्लाई तो आवाज सुनकर मेरा बेटा अंदर गया तो आरोपी संदिग्ध अवस्था में मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान के बाद आरोपी शारिक को 22 जुलाई 2024 को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया तब से ही आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में है।

### अतिक्रमण हटाने की मांग

**अलवर।** मीणा पाडी वार्ड नम्बर 10 में खसरा नम्बर 1285 शमशान भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को हटवाने के जिला कलक्टर अलवर द्वारा दिये गये निर्देशों को नगर नगर, अलवर द्वारा 10 दिवस उपरान्त भी अतिक्रमणकरियों को ना तो नोटिस दिया गया और ना ही अतिक्रमण को चिन्हित करने के लिये सीमाज्ञान की कार्यवाही की गई। इस अतिक्रमण को हटवाने के लिये जिला कलक्टर अलवर की जनसुनवाई में स्थानीय निवासियों द्वारा की गई शिकायत पर जिला कलक्टर अलवर द्वारा आयुक्त नगर निगम अलवर को निर्देशित किया गया लेकिन कोई कार्यवाही ना होने पर जिला कलक्टर अलवर ने दिनांक 28-01-2025 के पुनः पत्र प्रेषित कर शमशान भूमि से अतिक्रमण हटाने हेतु आयुक्त नगर निगम, अलवर को निर्देशित किया लेकिन आज दिनांक तक ना ही अतिक्रमण हटाया गया और ना ही शमशान भूमि का सीमाज्ञान कराया गया जिससे अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलन्द है।

### मनचले आवारा युवकों पर कसा शिकंजा

**देवली।** इन दिनों शहर में पुलिस प्रशासन ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए देवली थाने पर नव कालिका यूनिट में शामिल महिला पुलिसकर्मियों को स्पेशल टीम के रूप में तैनात किया हुआ है। शुक्रवार को यहां नव कालिका दो महिला पुलिस कर्मियों ने बालिकाओं पर फब्तियां कसने के मामले में एक मजनू युवक को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की है । जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को सूचना मिली कि एक आवारा युवक बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास बालिकाओं पर फब्तियां कस रहा है। उक्त सूचना मिलने के बाद थाने में तैनात नव कालिका महिला पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। जहां नव कालिका पुलिस कर्मी रजिया और गायत्री ने देखा कि हंसराज पुत्र पप्पू लाल रेगर स्कूल में पढ़ने वाली छात्रोंओ छेड़छाड़ कर रहा था तो वही देखा कि उक्त युवक बालिकाओं को रोज डे होने की बात कह कर फबतिया कस रहा था। इस दौरान पुलिसकर्मी रजिया व गायत्री की नव कालिका यूनिट ने युवक हंसराज पुत्र पप्पू लाल रेगर निवासी इटुंदा थाना हनुमान नगर को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार करते हुए उक्त युवक पर पुलिस की अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी।

### विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन

**पीपलू।** कस्बे के नाथड़ी रोड़ पर चल रहे आठ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के तीसरे दिन मंत्रोच्चार के साथ जिनाभिषेक, शांतिधारा का कार्यक्रम हुआ। पं. मनोज जैन शास्त्री के निर्देशन में नित्य पूजन, विधान आराधना की गई।